### विश्व स्वर्ण परिषद ने जारी की अपनी रिपोर्ट

# आर्थिक नरमी व ऊंची कीमत से भारत में सोने की मांग 32 प्रतिशत तक घटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक नरमी और स्थानीय स्तर पर ऊंची कीमतों की वजह से भारत की सोने की मांग पिछले साल के मुकाबले इस साल सितंबर तिमाही में 32 प्रतिशत घटकर 123.9 टन पर आ गई है। विश्व स्वर्ण परिषद ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही। वहीं , सोने का आयात भी 2019 की तीसरी तिमाही में 66 प्रतिशत गिरकर 80.5 टन रह गया। चीन के बाद भारत सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। परिषद ने कहा कि आभूषण कारोबारी पहले से आयात किए स्टॉक और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) से अपनी मांग को पूरा कर रहे हैं। इससे आयात में गिरावट आई है।

### सोने के भाव में तेजी रही

स्थानीय बाजार में , सितंबर में सोने का भाव 39,011 रुपए पर था , जो अब 38,800 रुपए के आसपास है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 के पहले नौ महीने में देश की सोने की कुल मांग गिरकर 496.11 टन रह गई।

**खास बातें**

- सितंबर तिमाही में मांग घटकर 123.9 टन पर
- सोने के आयात में 66 फीसदी की कमी आई
- चीन के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश
- आभूषण कारोबारी रीसाइक्लिंग से अपनी मांग पूरी कर रहे



### मांग कमजोर रहने से आयात कम

आभूषणों की कुल मांग का 101.6 टन और 22.3 टन सिक्का/बिस्कुट मांग शामिल है। 2018 की तीसरी तिमाही में सोने की मांग 183.2 टन थी। सोमसुंदरम ने बताया कि ऊंची कीमतों और ग्रामीण मांग के कमजोर रहने से सोने का आयात कम हुआ है।

**मांग दो वजहों से गिरी**

2018 में भारत ने 755.7 टन सोने का आयात किया था। विश्व स्वर्ण परिषद भारत के प्रबंध निदेशक सोमसुंदरम पीआर ने कहा, भारत में सोने की मांग दो वजहों से गिरी है। पहला कारण है सोने की ऊंची कीमतें। दूसरी तिमाही के आखिर से तीसरी तिमाही के अंत में सोने की कीमतों में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

### रुपए की मजबूती से सोना-चांदी में नरमी

**नई दिल्ली।** रुपए में सुधार दर्ज होने तथा वैश्विक बाजार में बिकवाली के कारण दिल्ली सराफा बाजार में सोना 101 रुपए गिरकर 39,213 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, जोखिम को देखते हुए कारोबारी धारणा में मंदी के कारण वैश्विक स्वर्ण बाजार में बिकवाली होने तथा रुपए में सुधार के कारण दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत में नरमी देखी गई। डॉलर के मुकाबले रुपए में नौ पैसे की तेजी थी। चांदी भी 29 रुपए की गिरावट के साथ 47,583 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई जिनका पिछला बंद भाव 47,612 रुपए प्रति किलोग्राम था।

## सुधारों का अगला दौर जल्द : सीतारमण

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सरकार जल्द ही आर्थिक सुधारों के नए दौर को आगे बढ़ाएगी। इस बार देर नहीं की जाएगी। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में अहम आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने के असफल प्रयासों का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि पिछली बार राज्यसभा में सत्ता पक्ष की कमजोर संख्या की वजह से प्रयास सफल नहीं हो पाए थे। गौरतलब है कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में भूमि अधिग्रहण सहित कुछ अन्य क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के प्रयास सफल नहीं हो पाए थे। कई जानकारों ने कहा है कि अर्थव्यवस्था को सुस्ती के मौजूदा दौर से बाहर निकालने के लिए भूमि और श्रम कानूनों के क्षेत्र में सरकार की ओर से सुधारों को आगे बढ़ाने के तुरंत प्रयास किए जाने चाहिए। सरकार के पास इस समय मजबूत जनादेश उपलब्ध है।

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस आगार में कार्यरत श्री जय सिंह चालक सं. 04 सुपुत्र श्री बीर सिंह गांव डा. भावड़, जिला सोनीपत जोकि दिनांक 03.11.2018 से 12.06.2019 तक अनुपस्थित समय के केस में नियमानुसार विभागीय कार्यवाही करने उपरांत जांच अधिकारी द्वारा दोषी पाये जाने पर उसे दिनांक 03.11.2018 से 12.06.2019 तक अनुपस्थित समय को बिना वेतन करते हुये सेवाएं समाप्त करने बारे कारण बताओ नोटिस इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3259/ईए/ईसीडी दिनांक 11.10.2019 को जारी किये गये थे लेकिन कर्मचारी द्वारा अभी तक नोटिस का कोई उत्तर नहीं दिया है तथा दिनांक 16.08.2019 से लगातार अपने कार्य से अनुपस्थित रहने पर इस कार्यालय के यादि क्रमांक 2666/ईसीडी दिनांक 09.09.2019 के द्वारा नियम 2016 के 4 बी के तहत आरोप पत्र जारी किया गया था। जिसका जवाब अभी तक नहीं दिया है और न ही अपने कार्य पर उपस्थित हुये हैं।

अतः उक्त कर्मचारी को समाचार-पत्र के माध्यम से सेवा समाप्त व बिना वेतन करने बारे कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये सूचित किया जाता है कि वह एक सप्ताह के अंदर-अंदर अपना कार्यग्रहण कर लें तथा अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, अन्यथा यह समझा जाएगा कि आप इस विषय में कुछ नहीं कहना चाहते तथा सेवा करने के इच्छुक नहीं है और कार्यग्रहण न करने की अवस्था में एक तरफा कार्यवाही करते हुये आपके विरूद्ध नोटिस में दर्शाई गई सजा की पुष्टि कर दी जाएगी।

हस्ता/- महाप्रबंधक,
हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक

**बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल**

**कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत बहुतकनीकियों के माध्यम से सामुदायिक विकास योजना (सीडीटीपी)**
**भारत सरकार**

निम्नलिखित पदों हेतु पूर्णतया अनुबंध आधार पर केवल छह माह हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| क्र. सं. | पद का नाम | पद की सं. | अपेक्षित योग्यताएं |
|---|---|---|---|
| 1. | कम्यूनिटी डॅवलपमेंट कंसलटेंट | 01 | सामाजिक कार्य / ग्रामीण विकास / कृषि / कृषि विस्तार अथवा सामाजिक विज्ञानों की किसी अन्य शाखा में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। **अथवा** सामुदायिक विकास / ग्रामीण विकास से सम्बन्धित कार्य में दो वर्ष के अनुभव सहित इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी की किसी भी शाखा में द्वितीय श्रेणी में डिप्लोमा। |
| 2. | जूनियर कंसलटेंट | 01 | इंजीनियरिंग अथवा टेक्नोलॉजी की किसी भी शाखा में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में डिप्लोमा। **अथवा** उद्योग / ग्रामीण विकास / सामुदायिक विकास कार्य में एक वर्ष के अनुभव सहित किसी संकाय में द्वितीय श्रेणी स्नातक डिग्री। |

आवेदन सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ सादे कागज पर प्राचार्य बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल के कार्यालय में 28.11.2019 तक अप. 4.00 बजे तक जमा करवाया जा सकता है। अधिक विवरण और अन्य जानकारी हेतु बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल में पधारें। साक्षात्कार 29.11.2019 को पूर्वा. 11.00 बजे प्राचार्य के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी टी.ए./डी.ए. का भुगतान नहीं किया जाएगा।

वेतन का भुगतान सीडीटीपी योजना / हरियाणा सरकार के नियमों के अनुसार किया जाएगा।

हस्ता/- प्राचार्य
बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल
सम्पर्क नं. 01282-250302

**राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा**
निर्वाचन सदन, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-17, पंचकूला

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4(1)(बी) के तहत प्रावधान के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा की अद्यतन जानकारी आयोग की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात् www.secharyana.gov.in पर उपलब्ध है।

दिनांक, पंचकूला
04 नवम्बर 2019

हस्ता/- सहायक राज्य निर्वाचन आयुक्त,
हरियाणा

**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, देहरादून**
वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, (वित्तीय सेवाएं विभाग)
द्वितीय तल, पारस टावर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून, यूके. 248171

**टी.ए. संख्या 327 ऑफ 2018 में**
**प्रकाशन सूचना**
(डीआरटी, लखनऊ का पुरानी ओ.ए. सं. 354/2016)
(समय समय पर संशोधित अनुसार ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रक्रिया) नियमों 1993 के नियम 5 के उपनियम (2ए) के साथ पठित ऋण वसूली और बैंगक्रप्सी अधिनियम 1993 के नियम 19 की उपधारा (4) के तहत सम्मन)

डीवाई. नं. 131 — दिनांक 17.10.2019

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बनाम संजय शर्मा एवं अन्य

प्रति,
3. संदीप शर्मा पुत्र स्व. प्रकाश चन्द्र शर्मा, निवासी मार्फत प्रवीन कुमार, गली नं. 09, शांति नगर, भिवानी, हरियाणा

सूचित हों कि आपके विरूद्ध आवेदक बैंक द्वारा दायर की गई ओ.ए. सं. 354/2016 ऋण वसूली ट्रिब्यूनल लखनऊ के समक्ष लम्बित थी जिसे राजपत्र अधिसूचना एस.ओ. 454 (ई) दिनांक 15.02.2017, एस.ओ. 784(ई) दिनांक 23.02.2018 के तहत 16 फरवरी 2017 को देहरादून में नये डीआरटी की स्थापना के अनुसरण में क्षेत्राधिकार में परिवर्तन के मद्देनजर ऋण वसूली ट्रिब्यूनल देहरादून को स्थानांतरित कर दिया गया है। उपरोक्त संदर्भित मामले को टी.ए. सं. 327/2018 के रूप में पुनः क्रमांक दिया गया था और माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष 15.10.2019 को सूचीकृत था।

चूंकि ट्रिब्यूनल की संतुष्टि हेतु यह दर्शाया गया है कि आपको साधारण तरीके से तामील करना सम्भव नहीं हैं। अतः, इस विज्ञापन द्वारा यह सूचना देकर आपको निर्देश दिया जाता है कि 28.11.2019 को पूर्वा. 10.30 बजे ट्रिब्यूनल के समक्ष स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत एजेंट अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होंवे।

यह भी ध्यान दें कि इस ट्रिब्यूनल के समक्ष निर्धारित दिवस और समय पर उपस्थित रहने में विफल रहने के मामले में, केस की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर के तहत 17 अक्तूबर, 2019 को जारी किया गया।

ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार
रजिस्ट्रार
ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, देहरादून

### सेवा क्षेत्र में अक्टूबर में दूसरे माह भी गिरावट

**नई दिल्ली।** चुनौतीपूर्ण आर्थिक हालात के बीच देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में लगातार दूसरे महीने अक्टूबर में भी गिरावट दर्ज की गयी है। एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। आईएचएस मार्किट इंडिया सर्विसेस बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स (पीएमआई-सेवा) अक्टूबर में 49.2 अंक पर रहा। यह कंपनियों के परचेजिंग मैनेजर के बीच किया जाने वाला मासिक सर्वेक्षण है।

हालांकि पिछले माह के आधार पर गतिविधियों में मामूली बढ़त दर्ज की गई है क्योंकि सितंबर में पीएमआई-सेवा 48.7 अंक था। पीएमआई का 50 अंक से नीचे रहना गतिविधियों में गिरावट और 50 अंक से ऊपर रहना गतिविधियों में विस्तार को इंगित करता है। मंगलवार को जारी पीएमआई-सेवा रपट में अक्टूबर में लगातार दूसरे माह गिरावट देखी गयी है। वित्त वर्ष 2017-18 की दूसरी तिमाही के बाद यह पहला ऐसा मौका है जब इसमें लगातार दो माह तक गिरावट देखी गई है। रपट के अनुसार सितंबर में भी इसमें गिरावट देखी गई थी। कंपनियों को नए ठेके मिलने का काम स्थिर रहा, वहीं रोजगार सृजन में भी नरमी देखी गई।

## सभी नौकरियों को तीन श्रेणी में बांटने जा रही सरकार

- नई श्रेणियों के आधार पर तय होगी न्यूनतम मजदूरी

**नई दिल्ली।** सरकार देश में मौजूद सभी प्रकार की नौकरियों को अनस्किल्ड, सेमी स्किल्ड, स्किल्ड और हाइली स्किल्ड श्रेणी में बांटने जा रही है। इसी के आधार पर सभी नौकरियों की न्यूनतम मजदूरी तय होगी। रोजगार मंत्रालय ने मजदूरी नियमावली-2019 का एक मसौदा जारी किया है और उसपर आम लोगों की टिप्पणी मांगी गई है। सरकार का मानना है कि इससे विभिन्न नौकरियों में मजदूरी तय करने को लेकर मनमानी घटेगी। कई बार महत्वपूर्ण दक्षता वाले कर्मियों को भी अनस्किल्ड बताकर नियोक्ता उनका शोषण किया करते हैं। मसौदे में 681 नौकरियों को सूचीबद्ध किया गया है।

**अनस्किल्ड नौकरियां:** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रस्तावित नियम के तहत अनस्किल्ड नौकरियां नौकरियां उन्हें मानी जाएंगी, जिनमें सिर्फ संचालन संबंधी अनुभवों की जरूरत होगी। घर-घर दूध वितरण करने वाले, चपरासी और स्वीपर्स को अनस्किल्ड श्रेणी में रखने का प्रस्ताव है।

**स्किल्ड नौकरियां:** स्किल्ड नौकरियां उन्हें मानी जाएंगी, जिनके कौशल या तो पेशेवर अनुभव से हासिल होता है या फिर इसे पेशेवर शिक्षण संस्थान में पढ़ाई कर हासिल किया जा सकता है। इलेक्ट्रीशियंस, टेलर्स और ड्राइवर्स को इस श्रेणी में रखने का प्रस्ताव है।

**हाइली स्किल्ड नौकरियां:** सेमी स्किल्ड वे नौकरियां मानी जाएंगी, जिनमें गहन तकनीकी और पेशेवर दक्षता या लंबे पेशेवर अनुभव की जरूरत होती है। प्रस्तावित नियमावली में इस श्रेणी में हथियारबद्ध सुरक्षाकर्मी, सुपरवाइजर्स, सर्वेयर और प्रथम श्रेणी के कारपेंटर जैसे रोजगार का रखा गया है।

### टेक महिंद्रा अमेरिका के बॉर्न समूह का अधिग्रहण करेगी

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत बढ़कर 1,124 करोड़ रुपए रहा। साथ ही कंपनी ने 9.5 करोड़ डॉलर में अमेरिका के बॉर्न समूह का अधिग्रहण करने की भी घोषणा की। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी को 1,064.3 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी के बयान के मुताबिक समीक्षावधि में कंपनी की परिचालन आय 5.1 प्रतिशत बढ़कर 9,070 करोड़ रुपए रही।

इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी की आय 8,629.8 करोड़ रुपए थी। डॉलर में कंपनी का शुद्ध लाभ 15.86 करोड़ डॉलर और कुल आय 1.28 अरब डॉलर रही। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीपी गुरनानी ने कहा, हम अपने ग्राहकों के शुक्रगुजार हैं कि मांग के इतने मुश्किल दौर में भी उन्होंने हमारी क्षमताओं पर भरोसा जताया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृशि भूमि का बैय प्रस्तावित है :-

5682

बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2016-17 के अनुसार अराजी खेवट न0 54/39, 41मिन, खाता नं0 57, मु0 नं0 2 किला नं0 16/2(1-1), मु0 नं0 5 किला नं0 18(7-11), 19(6-8), 23(8-0), 24(8-0) मु0 नं0 37 किला नं0 4(7-3), 5(7-12), 6(7-12), 15/2(5-6), 27(0-17) मु0 नं0 38 किला नं0 1(8-0), 2(8-0), 9(8-0), 10(8-0), 11(7-11), 12(7-7), 27(0-13) किता 17 रकबा तादादी 107 कनाल 1 मरला का भाग 160/2141 भाग रकबा बकदर 8 कनाल 0 मरला का मालिक व काबिज है। जिसमें से कुल रकबे का 21/2141 भाग रकबा बकदर 1 कनाल 1 मरला (लक्ष्मीनारायण पुत्र चेतराम पुत्र गणपत) वाका मौजा ईरगाइलपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर को बैय कर रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैयनामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के बैयनामा से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 05.11.2019

राजबीर सिंह
एडवोकेट,
पंचायत भवन गुरूग्राम
Mobile : 09818214284
E-mail : adv.rajbir.singh@hotmail.com

**आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड**
CIN : L23423HR1933PLC000097
पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर-135001, हरियाणा
Ph.: 01732-661061, E-mail Id: roynr@isgec.com,
Website: www.isgec.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के अनुसरण में एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार करने तथा अनुमोदन करने हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर, 2019 को आयोजित की जानी निर्धारित है।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट http://www.isgec.com/aboutus-financials-Notices.php पर भी उपलब्ध है और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

अध्यक्ष के आदेशानुसार
हस्ता/-
(एस.के. खोराना)
कार्यकारी निदेशक एवं कम्पनी सचिव

स्थान : यमुनानगर
दिनांक : 05.11.2019

## सात सत्रों की तेजी का सिलसिला थमा

### सेंसेक्स रिकॉर्ड स्तर से फिसला

**मुंबई।** शेयर बाजारों में मंगलवार को पिछले सात कारोबारी सत्र से जारी तेजी के सिलसिले पर 'ब्रेक' लग गया। उच्चस्तर पर निवेशकों द्वारा मुनाफा काटने से सेंसेक्स 54 अंक टूटकर अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान 413 अंक तक घूमने के बाद अंत में 53.73 अंक या 0.13 प्रतिशत के नुकसान से 40,248.23 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स नीचे में 40,053.55 अंक और ऊंचे में 40,466.55 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 24.10 अंक या 0.20 प्रतिशत के नुकसान से 11,917.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में मंगलवार को पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। सात माह में यह शेयर बाजारों में लगातार तेजी का सबसे लंबा सिलसिला रहा। उत्साहवर्धक तिमाही नतीजों, विदेशी कोषों के सतत प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक रुख से पिछले कुछ दिन से बाजार लगातार लाभ दर्ज कर रहा था।

### अब हर कंपनी को देनी होगी सैलरी स्लिप

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार श्रम सुधारों की दिशा में कई कदम उठा रही है। इसके लिए सरकार ने नया वेज कोड ड्राफ्ट पेश कर दिया है। इस वेज कोड में कामगारों के लिए घंटे, श्रेणी आदि का प्रस्ताव दिया गया है। श्रम मंत्रालय ने इस वेज कोड पर सभी संबंधित पक्षों से अपने सुझाव रखने को कहा है। मौजूदा समय में कई कंपनियां अपने कर्मचारियों को दी जाने वाली सैलरी की एवज में स्लिप नहीं देती हैं। इससे कर्मचारियों के पास आय का कोई सबूत नहीं होता है। इस समस्या को दूर करने के लिए नए वेज कोड ड्राफ्ट में अनिवार्य रूप से सैलरी स्लिप देने का प्रस्ताव किया गया है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि अब हर कंपनी या एम्पलॉयर को कर्मचारियों को किए जाने वाले भुगतान के एवज में वेज स्लिप (सैलरी स्लिप) देनी होगी। ड्राफ्ट के अनुसार कंपनियों को यह स्लिप इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट या फिर सेक्शन-50 के सब सेक्शन-3 में दिए गए फॉर्म-5 के फॉर्मेट में देनी होगी।

### सरकार बंदरगाहों के समीप 10 मेगा पार्क बनाने पर कर रही विचार

**नई दिल्ली।** सरकार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए बंदरगाहों के पास अत्याधुनिक बुनियादी संरचना वाले करीब 10 एकीकृत मेगा पार्क बनाने पर विचार कर रही है। कपड़ा सचिव रवि कपूर ने कहा कि प्रस्तावित मेगा पार्कों को राज्य सरकारों से अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा, जहां तक निर्यात का सवाल है, सभी क्षेत्रों में भारत की प्रतिस्पर्धिता के साथ गंभीर दिक्कतें हैं। भारत प्रतिस्पर्धी नहीं है, मुक्त व्यापार समझौतों का भय खुद ही कम हो जाता है।

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्**
(भारत सरकार का सांविधिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसन्त कुंज, नई दिल्ली-110070
फोन: 011-29581000 (एक्सटेंशन 1023, 1027, 1036) वेबसाइट: www.aicte-india.org

**"तकनीकी पाठ्यपुस्तक पुरस्कार योजना : 2018-19"**

भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन करते हुए हिन्दी में विभिन्न तकनीकी विषयों की उत्कृष्ट स्तर की मूल तथा अनुदित पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा हिन्दी की "तकनीकी पाठ्यपुस्तक पुरस्कार योजना 2018-19" के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं। इस योजना का विवरण और आवेदन प्रपत्र अभातशिप की वेबसाईट www.aicte-india.org/Bulletin>advertisement पर उपलब्ध है। विधिवत् भरे हुए आवेदन पत्र तथा प्रकाशित कृति की दो प्रतियां उक्त पते पर अभातशिप में दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिएं।

विज्ञापन सं0: हिंदी प्रकोष्ठ/11(01)/2019 — सदस्य सचिव, अभातशिप

**सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी)**
**संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार**

**विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना**

सीसीआरटी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय संगीत, नाट्यकला, रूपकर व लोक कला, पारम्परिक व आदिवासी कला में अद्वितीय प्रतिभाशाली युवा कलाकारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

कृपया ध्यान दें, आवेदन-पत्र वर्ष 2020 के लिए आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो 06 नवम्बर, 2019 से प्रभावी होंगे। इस वर्ष दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की संख्या 400 है। योजना का विवरण आवेदकों हेतु निर्देश, योग्यता एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र का स्वरूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र की निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं :-

www.indiaculture.nic.in; www.ccrtindia.gov.in

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05 दिसम्बर, 2019 है।
आवेदन पत्र सिर्फ ऑन - लाइन माध्यम द्वारा स्वीकार किए जाएगें।

डीएवीपी-09127/11/0012/1920

JINDAL PANTHER™ — JINDAL STEEL & POWER

**जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड**
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Tel: +91 11 4146 2000 | Fax: +91 11 2616 1271 | Email: jsplinfo@jindalsteel.com
Website: www.jindalsteelpower.com
jsplcorporate | Jindal Steel & Power Ltd. | jsplcorporate | jsplcorporate

**30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(शेयरों और ईपीएस को छोड़कर रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही | 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही | 30 सितम्बर 2018 को समाप्त तिमाही | 30 सितम्बर 2019 को समाप्त अर्ध वर्ष | 30 सितम्बर 2018 को समाप्त अर्ध वर्ष | 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 8939.47 | 9945.58 | 9982.25 | 18885.05 | 19647.60 | 39372.14 |
| 2 | अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (426.62) | 11.27 | 91.10 | (415.35) | 354.77 | (1323.29) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (426.62) | 11.27 | 346.56 | (415.35) | 610.23 | (2801.69) |
| 4 | कर एवं असाधारण मदों के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (399.31) | (87.40) | 279.17 | (486.71) | 389.06 | (2411.52) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (320.49) | (20.51) | 84.60 | (340.99) | 55.07 | 1935.77 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक) | 102.00 | 101.80 | 96.79 | 102.00 | 96.79 | 96.79 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | 32211.37 | 30087.35 | 32326.05 |
| 8 | नेट वर्थ | | | | 32050.86 | 29969.22 | 32037.00 |
| 9 | भुगतान की गई ऋण पूंजी / बकाया ऋण | | | | 37108.17 | 42698.59 | 39559.00 |
| 10 | ऋण इक्विटी रेशो | | | | 1.18 | 1.39 | 1.22 |
| 11 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक) (निरंतर एवं अनिरंतर प्रचालनों हेतु) बेसिक : | (2.98) | 0.09 | 3.55 | (2.88) | 5.42 | (17.00) |
| | डायल्युटेड : | (2.98) | 0.09 | 3.23 | (2.88) | 5.00 | (17.00) |
| 12 | कैपिटल रिडम्पशन रिजर्व | | | | 72.00 | 72.00 | 72.00 |
| 13 | डिबेंचर रिडम्पशन रिजर्व | | | | 737.12 | 1466.65 | 1637.48 |
| 14 | ऋण सर्विस कवरेज रेशो | | | | 0.94 | 1.64 | 1.11 |
| 15 | ब्याज सर्विस कवरेज रेशो | | | | 2.03 | 2.54 | 2.25 |

टिप्पणियां :
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट (www.bseindia.com / www.nseindia.com) के साथ-साथ कम्पनी की वेबसाइट (www.jindalsteelpower.com) पर उपलब्ध है।
2. सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 52 (4) को उप खण्ड (ए)(बी)(डी) और (ई) में संदर्भित मदों हेतु उपयुक्त डिस्कोजर स्टॉक एक्सचेंज (www.bseindia.com / www.nseindia.com) को सूचित कर दी गई है और यूआरएल (www.jindalsteelpower.com) पर देखी जा सकती है।
3. इन अंकेक्षित / अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा 05 नवम्बर 2019 को आयोजित ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 05 नवम्बर 2019 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

**स्टैंडअलोन आधार पर वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़े**

(रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही | 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही | 30 सितम्बर 2018 को समाप्त तिमाही | 30 सितम्बर 2019 को समाप्त अर्ध वर्ष | 30 सितम्बर 2018 को समाप्त अर्ध वर्ष | 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | टर्नओवर | 6572.92 | 7084.78 | 6848.78 | 13657.70 | 13582.68 | 27715.97 |
| 2 | कर से पूर्व लाभ/(हानि) | 15.90 | 343.97 | 449.22 | 359.86 | 912.24 | (569.78) |
| 3 | कर के बाद लाभ/(हानि) | 15.15 | 223.86 | 382.66 | 239.01 | 714.94 | (262.9) |

बोर्ड के आदेशानुसार

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05 नवम्बर 2019

नवीन जिन्दल
अध्यक्ष